# अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई

परीक्षा सत्र : अप्रैल–मई 2021

**परीक्षा का नाम :** विशारद प्रथम (प्रथम प्रश्नपत्र)

## विषय : गायन - वादन (स्वरवाद्य)

| दि. 10/10/2021 | समय : सुबह 9 से 12 | कुल अंक : 75 |
|---|---|---|

सूचनाएँ : (१) किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
(२) सभी प्रश्नों के अंक समान है।

प्र. 1. नीचे दिये हुए पर्यायों में से सही पर्याय लिखें :- (15)

(1) तराना गीतप्रकार अधिकतर कौनसी लय में गाया जाता हैं ?
(अ) मध्य
(ब) द्रुत
(क) विलंबित
(ड) ठाह

(2) दरबारी राग का ठाठ कौनसा हैं ?
(अ) आसावरी
(ब) काफी
(क) तोडी
(ड) भैरवी

(3) जौनपुरी राग की जाति कौनसी हैं ?
(अ) ओडव संपूर्ण
(ब) षाडव संपूर्ण
(क) संपूर्ण संपूर्ण
(ड) ओडव षाडव

(4) नीचे दिये हुए रागों में से ऋतुप्रधान राग कौनसा हैं ?

(अ) शुध्द कल्याण

(ब) मुलतानी

(क) मारवा

(ड) मिया मल्हार

(5) धमार गीतप्रकार किस ताल में गाया जाता हैं ?

(अ) तिनताल

(ब) झपताल

(क) चौताल

(ड) धमार ताल

(6) राग पुरिया में कौनसा स्वर वर्जित हैं ?

(अ) प

(ब) ग

(क) ध

(ड) म

(7) श्रुति विभाजन में सा–म–प स्वरों की कितनी श्रुतियाँ होती हैं ?

(अ) 2

(ब) 4

(क) 3

(ड) 5

(8) ताल धमार के प्रथम खंड में कितनी मात्राएँ होती हैं ?

(अ) 5

(ब) 4

(क) 3

(ड) 2

(9) नीचे दिये हुए रागों में परमेल प्रवेशक राग कौनसा हैं ?

(अ) दरबारी कानडा

(ब) कामोद

(क) जयजयवंती

(ड) हमीर

(10) नीचे दिये हुए रागों में से संधिप्रकार राग कौनसा हैं ?

(अ) अल्हैया बिलावल

(ब) भैरव

(क) पुरिया धनाश्री

(ड) भिमपलास

(11) नीचे दिये रागों में ग ध नि कोमल स्वरों का राग कौनसा हैं ?

(अ) बहार

(ब) मिया मल्हार

(क) दरबारी कानडा

(ड) काफी

(12) नीचे दिये कौनसे राग में दोनो मध्यम नही लगते ?

(अ) केदार

(ब) कामोद

(क) हमीर

(ड) मुलतानी

(13) बाँसुरी यह वाद्य किस प्रकार में आता हैं ?

(अ) तत

(ब) सुषिर

(क) घन

(ड) अवनध्द

(14) किस स्वर को अर्ध्वदर्शक स्वर कहा जाता हैं ?

(अ) पंचम

(ब) मध्यम

(क) गंधार

(ड) रिषभ

(15) राग बहार कौनसे ऋतु में गाया जाता हैं ?

(अ) वर्षा

(ब) बसंत

(क) सावन

(ड) शिशिर

प्र. 2. (सा) रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :- (8)

(1) मालकंस राग का गानसमय ——— हैं।

(2) ——— यह नाट्यशास्त्र के रचयिता थे।

(3) 'चतुर्दण्डिप्रकाशिका' के ग्रंथकार ——— थे।

(4) राग शंकरा में ——— स्वर वर्जित हैं।

(5) मुलतानी राग का ठाठ ——— हैं।

(6) ——— राग में गंधार आरोही रूप से आंदोलित हैं।

(7) 1 में 4 इस लयकारी को ——— कहते हैं।

(8) गौडसारंग राग में ——— स्वरसंगति महत्त्वपूर्ण हैं।

(रे) एक वाक्य में उत्तर लिखें :- (7)

(1) मारुबिहाग राग में कौनसा स्वर विकृत हैं ?

(2) नोम्तोम् द्वारा आलापी किस गीतप्रकार की विशेषता हैं ?

(3) तानों के 4 प्रकार लिखें।

(4) ताल आडाचौताल में किन–किन मात्राओं पर खाली हैं ?

(5) वाद्य वर्गीकरण के प्रकारों में से झांझ, करताल वाद्यों का किस प्रकारो में समावेश होता हैं ?

(6) चतरंग गीत प्रकार में कौनसे चार अंग हैं ?

(7) त्रिवट गीतप्रकार की रचना में किन–किन ताल वाद्यों के बोलों का प्रयोग किया जाता हैं ?

प्र. 3. (सा) निम्नलिखित स्वरसमूह से राग पहचाने तथा उनका ठाठ लिखे :- **(10)**

(1) सा नी़ ध़ प़, प़ रे, रे ग म ग, रे ग रे सा

(2) सा $^{ग}$रे रे ग ग म प रे सा

(3) ग रे म ग प रे सा

(4) नी़ सा ग मं प, मं प ग, मं ग रे सा

(5) सा म प, ग म नी ध नी प, म प ग म रे सा

(रे) सही ✓ या गलत X बताइए :- **(5)**

(1) राग जयजयवंती बागेश्री अंग से भी गाते हैं।

(2) पुरिया राग में दोनो मध्यमों का प्रयोग होता हैं।

(3) राग जौनपुरी का ठाठ आसावरी हैं।

(4) दिपचंदी, पंजाबी यह ताल ठुमरी गायन के लिए उपयुक्त नही हैं।

(5) टप्पा गीतप्रकार तान, गमकयुक्त अनोखा गीतप्रकार हैं।

प्र. 4. (सा) निम्नलिखित तालों का संपूर्ण परिचय देकर उनके ठेके सूचनानुसार लिखें :- (9)

(1) ताल आडाचौताल – भातखंडे लिपी में

(2) ताल दिपचंदी – पलुस्कर लिपी में

(3) ताल झूमरा – भातखंडे लिपी में

(रे) उपर दिये हुए तालो में से किसी एक ताल की तिगुन और किसी अन्य एक ताल में चौगुन लिपीबध्द करे। (6)

प्र. 5. राग कामोद अथवा राग पुरिया धनाश्री में विलंबित ख्याल अथवा मसीतखानी गत तीन आलापों के साथ पं. भातखंडे पध्दतिनुसार स्वरलिपीबध्द करे। (15)

प्र. 6. नीचे दिये हुए रागो में से किन्ही तीन रागों की विस्तृत जानकारी लिखिए :- (15)

(1) हमीर,

(2) शंकरा,

(3) पुरिया,

(4) मिया मल्हार।

प्र. 7. अपने पाठ्यक्रम में से साधारण ज्ञान के लिए दिये हुए रागों में से किसी एक राग में छोटा ख्याल अथवा रजाखानी गत तीन आलापों के साथ पलुस्कर पध्दति में स्वरलिपिबध्द करे। (15)

प्र. 8. किन्ही तीन गीतप्रकारों की जानकारी लिखिए :- (15)

(1) धृपद,

(2) तराणा,

(3) टप्पा,

(4) ठुमरी।

प्र. 9. आधुनिक आलाप गान एवम् प्राचीन आलाप गान का विस्तृत विवेचन करे। (15)

प्र. 10. तान किसे कहते हैं ? तानों के कौनसे प्रकार हैं ? किन्ही पाँच प्रकारों को उदाहरण के साथ लिखें। (15)